मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-421
30/08/2021

# टोक्यो पैरालंपिक 2020 के 10 मीटर एयर राइफल के क्लास एसएच1 प्रतियोगिता में भारत के लिये स्वर्ण पदक जीतने पर मुख्यमंत्री ने सुश्री अवनि लेखरा को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं

पटना, 30 अगस्त 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने टोक्यो पैरालंपिक 2020 के 10 मीटर एयर राइफल के क्लास एसएच1 प्रतियोगिता में भारत के लिये स्वर्ण पदक जीतने पर सुश्री अवनि लेखरा को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 मीटर एयर राइफल के क्लास एसएच1 में भारत की सुश्री अवनि लेखरा ने स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। उनकी कड़ी मेहनत, जुनून और दृढ़ संकल्प ने ही आज उन्हें इस मुकाम पर पहुँचाया है। उन्होंने स्वर्ण पदक जीतकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, जिस पर पूरा देश आज गौरवान्वित है। वे निरंतर प्रगति के शीर्ष पर पहुँचें और देश का नाम रौशन करती रहें, ऐसी मेरी कामना है।

******